आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार


निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 44 लखनऊ, रविवार 28 फरवरी से 06 मार्च, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## ई–बाजारों की कोशिश करें खिलौना निर्माता : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश के खिलौना निर्माताओं से कहा कि वे ई–बाजारों की कोशिश करें और अपने उत्पादों के विपणन के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें ताकि भारतीय खिलौनों को वैश्विक स्तर पर ले जाया जा सके। भारत खिलौना मेला २०२१ का उद्घाटन करने के दौरान खिलौना निर्माताओं से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का पहला खिलौना मेला आयोजित करना सभी के लिए गर्व की बात है, और यह 'आत्मानिर्भर' बनने की दिशा में भारत की यात्रा का एक बड़ा कदम होगा। देश के विभिन्न हिस्सों के खिलौना निर्माताओं के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलौने बच्चों के दिमाग में स्थायी प्रभाव डालते हैं, और उद्योग का प्रयास ऐसे खिलौने बनाने का होना चाहिए जो पारिस्थितिकी (इकोलजी) और मनोविज्ञान (साइकोलजी) दोनों के लिए बेहतर हों। इस संबंध में उन्होंने कहा कि खिलौना निर्माताओं को सुधार पर विचार करना चाहिए। उदाहरण के लिए महामारी के दौरान गुड़िया भी मास्क पहन सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचारों से एक बच्चा बहुत कुछ सीख सकता है। मोदी ने भारतीय खिलौनों की पारंपरिक पर्यावरण–मित्रता पर भी प्रकाश डाला जो प्राकृतिक पदार्थों और रंगों का उपयोग करके बनाए गए। वर्तमान समय में भी कम नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग करके ऐसा किया जा सकता है। उन्होंने खिलौने में कम से कम प्लास्टिक का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलौनों में ऐसी चीजों का इस्तेमाल करें, जिन्हें रिसाइकल किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि



आज दुनिया में हर क्षेत्र में भारतीय दृष्टिकोण और भारतीय विचारों की बात हो रही है।भारत के पास दुनिया को देने के लिए यूनिक पर्सपेक्टिव भी है। भारतीय दृष्टिकोण वाले खिलौनों से बच्चों में भारतीयता की भावना आएगी। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि आप सभी से बात करके ये पता चलता है कि हमारे देश के खिलौना उद्योग में कितनी बड़ी ताकत छिपी हुई है। इस ताकत को बढ़ाना, इसकी पहचान बढ़ाना, आत्मनिर्भर भारत अभियान का बहुत बड़ा हिस्सा है। यह पहला टॉय फेयर केवल एक व्यापारिक और आर्थिक कार्यक्रम नहीं है। यह कार्यक्रम देश की सदियों पुरानी खेल और उल्लास की संस्कृति को मजबूत करने की कड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की प्रदर्शनी में कारीगरों और स्कूलों से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियां तक ३० राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से एक हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। यहां एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां खेलों के डिजाइन, इनोवेशन, मार्केटिंग, पैकेजिंग तक चर्चा, परिचर्चा तक करेंगे और अनुभव साझा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खिलौनों के साथ भारत का रिश्ता उतना ही पुराना है, जितना इस भूभाग का इतिहास। दुनिया के यात्री जब भारत आते थे, वे भारत में खेलों को सीखते थे और अपने यहां खेलों को लेकर जाते थे। आज जो शतरंज दुनिया में इतना लोकप्रिय है, वह पहले चतुरंग के रूप में भारत में यहां खेला जाता था। आधुनिक लूडो तब पच्चीसी के रूप में खेला जाता था। प्राचीन मंदिरों में खिलौनों को उकेरा गया है। खिलौने ऐसे बनाए जाते थे, जो बच्चों का चतुर्दिक विकास करें।

## कोरोना नियंत्रण में लेकिन प्रभावी व्यवस्था जरूरी : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है लेकिन इसके बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कई राज्यों में कोरोना के मामलों में वृद्धि को देखते हुये अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री यहां अपने सरकारी आवास ५ कालीदास मार्ग पर बैठक में अनलक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड–१६ के संक्रमण की चेन को तोड़ने में कन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए इस व्यवस्था को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जिलों में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को सुचारु ढंग से संचालित किया जाये। समस्त जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित तौर पर



प्रतिदिन कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक कर स्थिति की समीक्षा की जाये। उन्होंने टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिये हैं। लोगों को कोविड–१६ से बचाव के बारे में जागरूक किया जाये। आमजन को मास्क के अनिवार्य उपयोग तथा सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के लिये जानकारी दी जाये। मुख्यमंत्री ने कोरोना वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि सम्पूर्ण कार्यवाही केन्द्र सरकार के दिशा–निर्देशों और क्रम के अनुरूप संचालित की जाये। कोरोना वैक्सीनेशन के लक्षित समूहों को टीकाकरण की तिथि, स्थान व समय के सम्बन्ध में पहले से अवगत कराया जाये। कोरोना वैक्सीन का मानकों के अनुरूप स्टोरेज एवं ट्रांसपोर्टेशन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन कार्य में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर की सेवाओं का उपयोग करने के निर्देश भी दिये हैं।

## युवा कांग्रेस का स्मृति ईरानी के आवास पर प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के आवास के बाहर बढ़ती मंहगाई, पेट्रोल, डीजल व गैस सिलेंडर की कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि, स्मृति ईरानी जब विपक्ष में थीं तो पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की ५ रुपए की वृद्धि पर सड़कों पर प्रदर्शन करती हुई दिखती थीं, पर आ ज जब चौतरफा महंगाई की मार है तो वो मौन हैं, आज युवा कांग्रेस ने उन्हें नींद से जगाने का प्रयास किया है।देश के कई हिस्सों में पेट्रोल १०० रुपए पार, डीजल ६० रुपए पार हो गया है, और गैस सिलेंडर की कीमतें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, शर्मनाक बात यह है की इस तरह की खुली लूट करने के बावजूद भाजपा सरकार इसका दोष भी कांग्रेस पर मढ़कर अपना पीछा छुड़ाना चाहती है। भारतीय युवा कांग्रेस के मुताबिक किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं महंगाई से त्राहि त्राहि कर रहे हैं, लेकिन आरएसएस और भाजपा पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। देश आरएसएस और भाजपा का जनविरोधी और देश विरोधी चेहरा सामने आ गया है। भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास ने पेट्रोलियम मंत्री के हाल के बयान पर जिसमें उन्होंने पेट्रोल–डीजल के दामों के लिए सर्दी के मौसम को जिम्मेदार ठहराया, उसे बेतुका बयान बताया और उनसे अपने मंत्री पद से इस्तीफे की मांग की और केंद्र सरकार से यह भी मांग की पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम तत्काल प्रभाव से कम करे।

## मास्क चेकिंग अभियान के वायरल पोस्ट को उत्तर प्रदेश पुलिस ने बताया फर्जी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने पूरे राज्य में चलाये जा रहे मास्क चेकिंग अभियान के पोस्ट को आज पूरी तरह से फर्जी और भ्रामक कहा है। सोशल मीडिया पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मास्क चेकिंग अभियान का मैसेज तेजी से वायरल हुआ था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को ट्वीट कर इसे फर्जी बताया और कहा कि ऐसा कोई अभियान पुलिस नहीं चला रही है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के नाम से एक मैसेज वायरल हुआ। इस पोस्टर पर लिखा था कि कल २६ फरवरी प्रातः ६ बजे से राज्य के सभी थाना क्षेत्रों में मास्क चेकिंग का ३० दिनों तक अभियान चलाया जाएगा। सभी शहर और ग्रामवासी मास्क का प्रयोग करें और चालान की कारवाई से बचें। साथ ही १० घंटे के अस्थायी कारावास सजा से भी बचें। वायरल पोस्टर में निवेदक के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस लिखा हुआ था। यह मैसेज देखते ही देखते सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस वायरल मैसेज पर सफाई दी। पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मास्क चेकिंग का ३० दिन का ऐसा कोई भी अभियान नहीं चलाया जा रहा है, और न ही ऐसी कोई सूचना प्रसारित की गई है। अतः ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें, जो भी इस प्रकार की भ्रामकता फैलाएगा, उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पादकीय

## लोकतांत्रिक देश में असहाय मीडिया

मणिपुर में पत्रकारों की हड़ताल हर लिहाज से महत्त्वपूर्ण रही है। हैरतअंगेज है कि बाकी देश में– या कहें कथित राष्ट्रीय मीडिया में इसकी कोई चर्चा नहीं हुई। ये अनिश्चितकालीन हड़ताल पत्रकारों मीडिया घरानों और पत्रकारों पर बढ़ते हमलों के विरोध में की। गौरतलब है कि एक महिला हमलावर ने १४ फरवरी को राजधानी इंफाल में मणिपुरी भाषा के प्रमुख अखबार पोक्नाफाम के दफ्तर पर बम से हमला किया था। किसी भी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली। पुलिस की जांच में भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। पत्रकार संगठनों की अपील पर इस हमले के खिलाफ लामबंद होकर तमाम अखबार और संपादक हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग में सोमवार से धरने पर बैठ गए। चौतरफा बढ़ते दबाव के बीच मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी है। लेकिन मणिपुर में पत्रकारों और अखबारों पर हमले की घटनाएं नई नहीं हैं। पहले भी इंफाल में कई अखबारों के दफ्तरों पर हमले हो चुके हैं। उनके खिलाफ संपादक और पत्रकार कई सप्ताह तक धरना भी दे चुके हैं। इंफाल से ३२ अखबारों का प्रकाशन होता है, जिनमें से ज्यादातर स्थानीय भाषा के हैं। इसके अलावा केबल टीवी के कई चैनलों का भी प्रसारण किया जाता है। मणिपुर में उग्रवादी संगठनों की धमकियों के बीच काम करना पत्रकारों की नियति बन गई है। इन संगठनों का इस कदर खौफ है कि कोई भी संपादक या पत्रकार किसी संगठन का नाम नहीं लेना चाहता। पत्रकारों का कहना है कि राज्य में पत्रकार दुधारी तलवार पर चल रहे हैं। यहां कभी उग्रवादी संगठन उन्हें धमकियां देते हैं, तो कभी राज्य सरकार। इसलिए अब पत्रकारों के सब्र ने जवाब दे दिया है। इसके पहले बीते २५ और २६ नवंबर २०२० को भी कोई अखबार नहीं छपा था। पत्रकारों ने इसके विरोध में मणिपुर प्रेस क्लब के सामने धरना भी दिया था। अब ताजा हमले के बाद अल मणिपुर वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन और एडिटर्स गिल्ड अफ मणिपुर के बैनर तले संपादकों और पत्रकारों ने हमलावरों की गिरफ्तारी, पत्रकारों और मीडिया घरानों को सुरक्षा मुहैया कराने समेत कई मांगों के समर्थन में धरना शुरू किया। चूंकि राज्य सरकार पर खुद ही मीडिया का उत्पीड़न करने के आरोप रहे हैं, इसलिए राज्य में मीडियाकर्मी खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। एक लोकतांत्रिक देश के लिए इससे ज्यादा अफसोसनाक बात और क्या होगी।

# कृषि कानूनों के फायदे बताने के लिए योगी ने किया गाजर के हलवे और खीर का जिक्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को केन्द्र के नए कृषि कानूनों का फायदा बताने के लिए बलिया जिले में बनने वाले मशहूर काली गाजर के हलवे और चंदौली के काले चावल से बनी खीर का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने विधान परिषद में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए नए कृषि कानूनों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, "बलिया के एक सदस्य ने मुझे बताया कि विधानसभा में विपक्ष के नेता राम गोविंद चौधरी के विधानसभा क्षेत्र बांसडीह में कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की जा रही है। वहां रामरतन नाम का एक मिठाई दुकानदार है, जिसका काली गाजर का हलवा पिछले कई दशकों से बहुत मशहूर है। उसने किसानों से गाजर खरीदने



के लिए अनुबंध किया है।" उन्होंने कहा कि गाजर के बीज बोने के वक्त वह अनुबंध किया गया था और फसल तैयार होने पर उसे पूरा का पूरा खरीद लिया गया। योगी ने चंदौली में पैदा होने वाले काले चावल से तैयार खीर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चंदौली के किसानों ने काले चावल की खेती शुरू की। यह सबसे ज्यादा प्रोटीनयुक्त चावल है और यह उत्तर प्रदेश का एक ब्रांड है। मुख्यमंत्री ने कहा, "सपा सदस्य शतरुद्र प्रकाश ने एक बार मुझसे कहा कि क्या आपने काले चावल से बनी खीर खाई है। जब मैं वाराणसी गया तो अपनी पार्टी के कार्यकर्ता से कहा कि काले चावल की खीर लाओ।" योगी ने कहा कि वह इस बात से दुखी और आश्चर्यचकित हैं कि विपक्ष नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों को भ्रमित कर रहा है।

# यूपी में मजबूत है कानून का इरादा, पिछली सरकार के मुकाबले कम हुए अपराध : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को विधान परिषद में कहा कि पिछली सरकार के मुकाबले उनके कार्यकाल में अपराध कम हुए हैं। योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि दुनिया का हर बड़ा निवेशक आज उत्तर प्रदेश में निवेश करना चाहता है, क्योंकि उसे मालूम है कि यहां की कानून व्यवस्था बेहतर है। उन्होंने कहा, "मैं वर्ष २०१६–१७ और २०२०–२१ में एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो) के तुलनात्मक आंकड़े दे रहा हूं। डकैती की घटनाओं में ६५.७२ प्रतिशत की कमी आई है। लूट की घटनाओं में ६६.१५ प्रतिशत, हत्या की घटनाओं में १६.८० प्रतिशत, बलवे की घटना में ४०. २० प्रतिशत और बलात्कार की



घटनाओं में ४५.४३ प्रतिशत की कमी आई है।" मुख्यमंत्री ने कहा, "अगर २०१६–१७ और २०२०–२१ के बीच तुलनात्मक अध्ययन करेंगे तो शस्त्र अधिनियम के तहत २७. ५५ प्रतिशत अधिक कार्यवाही हुई है। एनडीपीएस एक्ट में ५२.६४ प्रतिशत, गैंगस्टर एक्ट में ३१.०६ प्रतिशत और रासुका में १६.५७ प्रतिशत अधिक कार्यवाही हुई है।" उन्होंने कहा कि ढांचागत सुविधाओं को देखें तो सरकार ने ५६ नए थाने और २६ नई चौकियां बनाई हैं। इसके अलावा चार महिला थाने, आर्थिक अपराध के चार थाने, १० विजिलेंस के थाने और १६ साइबर क्राइम के थाने बनाए गए। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने ६६ अग्निशमन केंद्र बनाए और ४० एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट भी गठित की हैं। साथ ही २१८ पक्सो अदालतों का भी गठन किया है।

# विधान परिषद में भी पारित हुआ विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध विधेयक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध विधेयक विधानसभा के बाद बृहस्पतिवार को विधान परिषद में भी पारित हो गया है। भोजनावकाश के बाद शुरू हुई कार्यवाही के दौरान इस विधेयक को सदन के पटल पर रखा गया। सदन में सपा और विपक्ष के नेता अहमद हसन और कांग्रेस सदस्य दीपक सिंह ने इसमें कई खामियां गिनाते हुए इसे प्रवर समिति के पास भेजने का आग्रह किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने इस विधेयक पर नेता विपक्ष और उनकी पार्टी के सदस्यों द्वारा दिये गये संशोधन प्रस्तावों को नियमों के अनुकूल नहीं मानते हुए उन्हें खारिज कर दिया। उसके बाद उन्होंने सपा सदस्यों के हंगामे के बीच विधेयक को ध्वनिमत से पारित घोषित कर दिया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में नवंबर, २०२० में मंत्रिमण्डल की बैठक में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिशेष अध्यादेश को मंजूरी थी। इसमें विवाह के लिए छल, कपट, प्रलोभन देने या बलपूर्वक धर्मांतरण कराए जाने पर अधिकतम १० वर्ष के कारावास और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यह विधेयक बुधवार को विधानसभा में पारित हुआ था।



# रामदास आठवले का मायावती को ऑफर

लखनऊ। रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आरपीआई) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि अगर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती उनकी पार्टी में शामिल हो जाएं तो वह अपनी पार्टी के अध्यक्ष का पद मायावती को दे देंगे और खुद उपाध्यक्ष बन जाएंगे। शनिवार को यहां दौरे पर आये रामदास आठवले ने अति विशिष्ट अतिथि गृह में संवाददाताओं से कहा " भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद अगर मेरी पार्टी में आएं तो मैं उन्हें महत्वपूर्ण पद दूंगा और अगर मायावती आरपीआई में आ जाएं तो उन्हें अध्यक्ष का पद देकर खुद उपाध्यक्ष बन जाऊंगा, क्योंकि यह बाबा साहेब (डाक्टर भीम राव आंबेडकर) की पार्टी है।" संवाददाताओं ने भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद के साथ तालमेल को लेकर आठवले से सवाल पूछा था। इस पर उन्होंने आजाद के साथ ही मायावती को भी पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया। आठवले ने कहा " उत्त्तर प्रदेश में लोगों की बसपा से नाराजगी बढ़ रही है और लोग आरपीआई की तरफ आ रहे हैं। अगर भाजपा यहां हमारी पार्टी के लिए आठ–दस सीटें छोड़ दे तो आरपीआई बसपा को झटका दे सकती है।" उन्होंने कहा कि "उत्तर प्रदेश में २०२२ के विधानसभा चुनाव के लिए हम भाजपा के साथ समझौता करना चाहते हैं और आज शाम को इस बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हमारी बातचीत होगी। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बातचीत होगी।" यह पूछे जाने पर कि पांच वर्ष से आप बातचीत कर रहे हैं लेकिन भाजपा आपको एक भी सीट नहीं दे रही है, केंद्रीय मंत्री ने कहा "अभी हमारा संगठन बहुत मजबूत नहीं है लेकिन अब जिलों में भी हम संगठन को मजबूत कर रहे हैं।" उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना की। आरपीआई अध्यक्ष ने कहा कि "देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव हम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर लड़ना चाहते हैं और अगर भाजपा ने समझौते में सीटें नहीं दी तो भी कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे और बाकी जगह भाजपा का समर्थन करेंगे।"उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ३६ प्रतिशत दलित हैं और अगर आरपीआई भाजपा के साथ रहेगी तो उसका फायदा मिलेगा। पश्चिम बंगाल में भाजपा को दो सौ से अधिक सीटें मिलने का दावा करते हुए आठवले ने कहा कि वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को बड़ी सफलता मिलने जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि चार राज्यों में राजग की सरकार आएगी और केरल में भी सफलता मिल सकती है क्योंकि वहां के लोग भी भाजपा को सत्ता सौंपने का मन बना रहे हैं। किसान आंदोलन के बारे में पूछे जाने पर आठवले ने कहा" हमारी सरकार किसानों के खिलाफ नहीं है बल्कि किसानों को समर्थन देने वाली सरकार है लेकिन एक भी कानून वापस लिया जाएगा तो संसद में हर कानून को वापस लेने का दबाव बढ़ेगा।

# अयोध्या से जल्द शुरू होंगी उड़ानें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी दे दी है और इसके लिए वहां पर तत्काल एटीआर ७२ जैसे विमानों के संचालन के लिए ढाई सौ करोड़ रुपए एयरपोर्ट निर्माण के लिए उपलब्ध कराए हैं। इसके साथ एयरपोर्ट के विस्तार की कार्यवाही चलती रहेगी, जिसमें एयर बस और अन्य बड़े यात्री विमानों का आवागमन बेहतर तरीके से हो सके, इसके लिए प्रदेश सरकार केन्द्र से संवाद बनाकर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि के रूप में विख्यात है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण की कार्यवाही युद्ध स्तर पर चल रही है। अयोध्या भारत की सनातन आस्था का केंद्र बिंदु होने के नाते लाखों की संख्या में श्रद्धालु अलग–अलग पर्व और त्योहारों में दर्शनार्थ आता है। अयोध्या में श्रद्धा और पर्यटन का एक समन्वित रूप देखने को मिलता है। केंद्र और राज्य सरकार अयोध्या के समग्र विकास को लेकर कार्य कर रही है। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को विकसित करने के लिए ढेर सारी योजनाओं को आगे बढ़ाया



जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि दुनिया के तमाम देशों में भारतीय मूल के नागरिक और अप्रवासी भारतीय बड़ी संख्या में रहते हैं। उनकी ईच्छा होती है कि वे भी अयोध्या आ सकें। इसलिए यूपी सरकार ने अयोध्या की एयरस्ट्रिप को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में डेवलप करने का एक प्रस्ताव भारत सरकार को पास भेजा था। एयरपोर्ट के निर्माण के लिए करीब एक हजार करोड़ की धनराशि प्रदेश सरकार ने भूमि क्रय करने के लिए जिला प्रशासन को दी है और अधिग्रहण की कार्यवाही तेजी से चल रही है। अब तक ३७७ एकड़ से अधिक भूमि क्रय की जा चुकी है और युद्ध स्तर पर इसे आगे बढ़ा रहे हैं। योगी ने कहा अयोध्या के मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम पर रखे जाने वाले इस एयरपोर्ट के एटीआर ७२ के सेवा को संचालन करने और उसके लिए ढाई सौ करोड़ की राशि स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने राज्य सरकार के इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। निश्चित ही अयोध्या के टूरिज्म को और अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को सहज और सरल बनाएगा।

## मिशन २०२२ के लक्ष्य को भेदने पूर्वांचल के दौरे पर निकले अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में २०२२ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लक्ष्य को भेदने के लिए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव तीन दिन तक पूर्वांचल के दौरे पर हैं। उनका वाराणसी, जौनपुर तथा मिर्जापुर का दौरा आज से शुरू हो रहा है। २०२२ में बाइसकिल चलाने के अभियान को धार देने के तहत वह आज वाराणसी से होकर जौनपुर जाएंगे। पार्टी के कार्यक्रम के अनुसार, वह वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद वह सीधे जौनपुर रवाना होंगे। उनका फिर वाराणसी वापसी का कार्यक्रम है। २६ फरवरी को वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में रहेंगे। इसके बाद २७ फरवरी को उनका मिर्जापुर का दौरा है। अखिलेश यादव लखनऊ से वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से दोपहर में जौनपुर पहुंचेंगे। वह यहां मछलीशहर से चार बार विधायक रहे स्व. ज्वाला यादव और सदर से विधायक रहे हाजी अफजल के शोक संतप्त परिवार से भी भेंट करेंगे। एक बजे मछलीशहर के जमालपुर गांव में पूर्व विधायक स्व. ज्वाला यादव के घर पहुंचेंगे। वहां शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद वह चक मिजार्पुर आएंगे। पीड़ित परिवारजनों से मिलकर घटना के बारे में जानकारी लेंगे। इसके बाद वह अपराह्न पौने तीन बजे शहर के मीरमस्त मोहल्ला के पूर्व हाजी अफजल अहमद के घर पहुंचकर



श्रद्धांजलि देंगे। अखिलेश यादव जौनपुर में ही रात्रि विश्राम भी कर सकते हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जौनपुर के बक्शा थाने में पुलिस हिरासत में मृत किशन यादव के स्वजन से मिलेंगे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव जैसा माहौल बनने लगा है। वहां पर गुरुवार और शुक्रवार को अखिलेश यादव रहेंगे तो २७ फरवरी को प्रियंका गांधी वाड्रा का दौरा होगा। इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा २८ फरवरी तथा एक मार्च को रहेंगे।

# प्रियंका पहुंची काशी, पैदल चल रविदास मंदिर में मत्था टेका

वाराणसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की ६४४ वीं जयंती समारोह के दिन आशीर्वाद लेने सीरगोवर्धन पहुंचीं। यहां उन्होंने संत रविदास



के दर पर मत्था टेका। इसके बाद संत निरंजन दास का आशीर्वाद लिया। साथ ही उनका हालचाल जाना। प्रियंका गांधी पिछले साल भी यहां आई थीं। संत रविदास जयंती समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को प्रियंका गांधी लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट वाराणसी पहुंचीं। जहां मंदिर के कुछ देर पहले उन्होंने गाड़ी छोड़कर पैदल ही रास्ता तय किया। इस दौरान सैकड़ों गाड़ियों का काफिला भी उनके पीछे जुटा तो नारेबाजी से शहर भी गूंज उठा। शहर में जगह जगह उनका भारी भरकम काफिला गुजरा तो लोगों की भीड़ भी उनकी एक झलक देखने के लिए उमड़ पड़ी। इसके बाद संत रविदास जयंती के मौके पर जन्मस्थान मंदिर पहुंची कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा का स्वागत मुख्य द्वार पर ट्रस्ट की तरफ से किया गया। प्रियंका ने संत रविदास की प्रतिमा के सामने मत्था टेकते हुए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद मंदिर में संत निरंजन दास से आशीर्वाद लिया। संत निरंजन दास ने कुशल क्षेम पूछते हुए प्रियंका से लंगर छकने के लिए पूछा तो प्रियंका ने कहा कि अभी पानी पी लूंगी। प्रियंका ने संत निरंजन दास से पूछा आपने प्रसाद ले लिया है तो उन्होंने कहा कि अभी सत्संग पंडाल जाना है। साथ में आये नेताओं से भी प्रियंका ने संत निरंजन दास से परिचय कराया। इसके बाद आयोजन के दौरान वह मंच पर भी पहुंचीं और संत निरंजन दास के बगल बैठकर रैदासियों का अभिवादन भी किया। प्रियंका के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह लल्लू पूर्व विधायक अजय राय महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे मणिंद्र मिश्रा, गौरव कपूर सहित, नवीन मिश्रा और अन्य कांग्रेस नेता भी साथ रहे।

## मायावती ने रविदास जयंती पर उन्हें याद किया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आज संत रविदास की जयंती पर उन्हें याद किया और बसपा के चार बार के कार्यकाल में संत के जिये किये



काम का भी जिक्र किया। मायावती ने रविदास जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुये दो ट्वीट किये । उन्होंने पहले ट्वीट में कहा रूमन चंगा तो कठौती में गंगा: का मानवतावादी अमर संदेश देने वाले महान संतगुरू रविदास की जयंती पर उन्हें शत शत नमन व देश में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयाईयों को बधाई और शुभकामना। संतगुरू ने अपना सारा जीवन आदमी को इंसान बनाने में गुजार दिया। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा कि बीएसपी की यूपी में चार बार की सरकार के कार्यकाल में संत गुरू के सपनों को पूरा करने के लिये जो काम हुये वो किसी से छुपा नहीं है । केंद्र और राज्य सरकारें उनके बताये रास्ते पर चल कर यदि समाज का भला कर सकें तो उचित होगा।

## लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स एंड बैंकर्स फर्म में चोरी के मामले में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं

लखनऊ। राजधानी के अमीनाबाद में जुगल किशोर ज्वैलर्स एंड बैंकर्स फर्म में करोड़ों के जेवरात व नकदी चोरी के मामले में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। सीसी फुटेज में पुलिस को दो संदिग्ध नजर आए हैं, जिनके बारे में पता लगाया जा रहा है। एडीसीपी पश्चिम राजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक १० टीमें वारदात के राजफाश में लगाई गई हैं। पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस अमीनाबाद में लगे सीसी कैमरे खंगाल रही है। लाला जुगल किशोर फर्म से दो सौ मीटर के भीतर पुलिस को दो फुटेज मिले हैं। इनमें दो संदिग्ध कैद हैं। पुलिस इसके माध्यम से आसपास के लोगों से दोनों की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को एक संदिग्ध कार की भी जानकारी मिली है, जिसका पता लगा रही है। पुलिस सभी टोल प्लाजा पर लगे कैमरे भी खंगाल रही है, जिससे यह पता चल सके कि कार लखनऊ में है या बाहर चली गई है। बताया जा रहा है कि करीब पांच चोरों ने चोरी की है। साथ ही कुछ चोर रेकी भी कर रहे थे ताकि वे साथियों को सतर्क कर सकें। उधर, एसटीएफ की टीम सर्विलांस के माध्यम से चोरों का पता लगा रही है। एडीसीपी ने बताया कि संदेह के आधार पर छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस गैर जनपद के चोरों की कुंडली खंगाल रही है। यही नहीं, हाल में राजधानी की जेल से छूटे चोरों के बारे में भी जानकारी की जा रही है। वहीं, फर्म में कार्यरत कर्मचारियों की पुलिस ने सूची तैयार की है। शनिवार को एक दर्जन कर्मचारियों से पूछताछ की गई। पिछले एक वर्ष में नौकरी से निकाले गए लोगों के बारे में भी पुलिस ने फर्म मालिक अरविंद रस्तोगी से जानकारी ली है। पुलिस ने अरविंद से पूछा है कि कोरोना काल के दौरान किन लोगों ने नौकरी छोड़ी है? पुलिस ने सभी का नाम, फोन नंबर और पता नोट किया है।

## लखनऊ में सिपाही की पिटाई में मॉल मैनेजर व गार्ड पर एफआइआर

लखनऊ। हुसैनगंज स्थित वीमार्ट स्टोर में कपड़ा चोरी के आरोपित सिपाही की पिटाई के मामले में पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। आरोपित हुसैनगंज कोतवाली में तैनात दारोगा प्रमोद प्रसाद ने वीमार्ट के मैनेजर विश्वास मिश्र, गार्ड अजीज, कर्मचारी विजय कुमार और अन्य के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट व धमकी देने की एफआइआर दर्ज कराई है। दारोगा के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर एक सिपाही की पिटाई का वीडियो उन्होंने देखा था। छानबीन करने पर पता चला कि वह वीडियो स्टेशन रोड स्थित वीमार्ट का है। दारोगा ने वहां जाकर पूछताछ की तो पता चला कि २१ फरवरी को गोमतीनगर विस्तार थाने में तैनात सिपाही आदेश कुमार वहां खरीदारी करने गया था। इस दौरान सिपाही का वीमार्ट के कर्मचारियों से विवाद हो गया। इस पर वीमार्ट के मैनेजर विश्वास मिश्र, गार्ड अजीज और कर्मचारी विजय कुमार ने सिपाही से गाली गलौज और मारपीट करते हुए सीसीटीवी रूम में आदेश को बंधक बना लिया।सिपाही से मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आरोपितों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव का इस्तीफा

नोएडा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव २०२२ की तैयारी में जुटे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को गौतमबुद्धनगर में बड़ा झटका लगा है। समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव ने पार्टी के सभी पदों के साथ–साथ प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। कभी सपा चीफ अखिलेश यादव के करीबी नेताओं में शुमार अनिल यादव ने अपने इस्तीफे में लिखा है– 'यह वह समाजवादी पार्टी नहीं है, जिसका मैं सच्चा सिपाही हूं।' राजनीतिक के जानकारों का दावा है कि वह कांग्रेस पार्टी में भी शामिल हो सकते हैं, क्योंकि उनकी पत्नी पंखुड़ी पाठक भी कांग्रेस पार्टी में हैं और सक्रिय तौर पर काम कर रही हैं। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी में भी शामिल होने का विकल्प उनके पास है, लेकिन इनकी संभावना कम है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को भेजे अपने इस्तीफे में अनिल यादव ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी और कांग्रेस की सोशल मीडिया इंचार्ज पंखुड़ी पाठक के खिलाफ समाजवादी के कुछ नेताओं ने



अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं, इससे वह आहत हैं। उनका यहां तक कहना है कि उनके आरोपों पर कोई जवाब नहीं दिया गया।इतना ही नहीं, इस मुद्दे पर अनिल यादव पर ही चुप रहने के लिए दबाव बनाया गया। बताया जा रहा है कि इससे आहत होकर ही अनिल यादव ने यह कदम उठाया है। इस बाबत उन्होंने ट्वीट पर एक वीडियो भी अपलोड किया है। इसमें उन्होंने खुलकर अपनी बात कही है।बता दें कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में साइकिल दौड़ाने में जुटी समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं में शुमार अनिल यादव लगातार पार्टी का पक्ष मुखर होकर मीडिया समेत सभी प्लेटफॉर्म पर रखने आ रहे थे। अपने ट्विटर हैंडल पर अनिल यादव ने लिखा– 'कल एक तस्वीर वायरल हुई। जिसमें अखिलेश जी पर आमजन को टीका टिप्पणी करने का मौका मिला। कांग्रेस ने भी उस तस्वीर को प्रियंका जी की तस्वीर के साथ लगाकर कटाक्ष किया और मेरी पत्नी पंखुड़ी ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ता की पोस्ट को शेयर किया। जिसके बाद बहुत सारे सपा के लोगों ने पंखुड़ी को अभद्र व अशोभनीय बातें लिखनी शुरू कर दीं। हालांकि, मैं सोशल मीडिया पर लिखी किसी चीज को महत्व नहीं देता, लेकिन कुछ तो इतनी घटिया थीं कि कोई आम आदमी अपने घर की महिला के बारे में ऐसा देखे तो सह ना सके। उन्होंने आगे लिखा, 'पंखुड़ी ने पुलिस कंप्लेंट कर दी। जिस पर विधिवत कार्यवाही जारी है, लेकिन पार्टी की तरफ से उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उल्टा मुझे लोगों ने पंखुड़ी को समझाने की नसीहत देनी शुरू कर दी। सुबह जब मैं उठा तो मैंने देखा कि मुझे सपा के सभी अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुप से निकाल दिया गया है। जिसका सीधा संदेश मुझे समझ आ गया है। इसलिए मैं सपा की प्राथमिक और आजीवन सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।' शलगभग १० साल का साथ यहीं समाप्त हुआ। सपा में मुझे बेहिसाब सम्मान और प्यार मिला। जिसका मैं आभारी हूं, लेकिन यकीन मानिए अपमान में भी कोई कसर नहीं छोड़ी।जिस पार्टी से अब हम अपने घर की महिलाओं के सम्मान की अपेक्षा नहीं कर सकते, उससे सर्व समाज के सम्मान और उत्थान की क्या उम्मीद रखें?' अनिल यादव ने आगे लिखा है, 'यह सब भारी मन से लिख रहा हूं। क्योंकि कभी सोचा नहीं था कि मैं सपा छोड़ पाऊंगा, लेकिन अंत में यही कहूंगा कि क्या सपा इतनी कमजोर है कि एक फोटो से अस्तित्व खतरे में आ जाता है और किसी महिला को इस तरह गालियां दी जाती हैं। जो साथी मुझसे सफर में जुड़े, उनसे मेरे रिश्ते व्यक्तिगत थे और रहेंगे और मैं एक भाई की तरह आपके लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। मेरी शुभकामनाएं समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव जी को।'

# कांग्रेस के असंतुष्टों ने दिखाएं तैंवर, नाराज नेताओं को पार्टी की नसीहत

जम्मू। कांग्रेस आलाकमान से नाराज नेताओं ने शनिवार को जम्मू में शक्ति प्रदर्शन किया। इन असंतुष्ट नेताओं ने अपने शक्ति प्रदर्शन को शांति सम्मेलन का नाम दिया। इस कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस नेताओं ने परोक्ष रूप से पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधा। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि पार्टी आलाकमान गुलाम नबी आजाद के अनुभव का फायदा नहीं ले रही है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि उनकी आंखों के सामने कांग्रेस पार्टी कमजोर हो रही है। खुद गुलाम नबी आजाद ने कहा कि वे राज्यसभा से रिटायर हुए हैं राजनीति से नहीं। गौरतलब है कि वे १५ फरवरी को राज्यसभा से रिटायर हुए हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस के २३ नाराज नेताओं ने पार्टी आलाकमान को पिछले साल अगस्त में चिट्ठी लिखी थी और अध्यक्ष सहित सभी पदों पर चुनाव कराने की मांग की थी। हालांकि पिछले दिनों हुई कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में इन नेताओं की नाराजगी दूर कर दी गई थी और सोनिया गांधी ने कह दिया था कि जून तक कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा। इसके बावजूद जी–२३ के नाम से मशहूर ग्रुप के नेताओं ने आजाद के स्वागत समारोह के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया। जी–२३ के नेताओं के शांति सम्मेलन में सिब्बल ने कहा– गुलाम नबी आजाद साहब का असली रोल क्या है? हवाई जहाज को उड़ाने वाला व्यक्ति अनुभवी होता है, लेकिन उसके साथ एक इंजीनियर भी रहता है। इंजीनियर ही इंजन में खराबी का पता लगा कर उसे ठीक करता है। उन्होंने कहा– गुलाम नबी जी अनुभवी तो हैं ही, इंजीनियर भी हैं। वे ऐसे व्यक्ति हैं, जो हर राज्य के हर जिले में कांग्रेस की जमीनी हकीकत से वाकिफ हैं। हम उन्हें संसद से जाने नहीं देना चाहते, मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस उनके अनुभव का इस्तेमाल क्यों नहीं कर रही? गुलाम नबी आजाद ने कहा– मैं राज्यसभा से रिटायर हुआ हूं, राजनीति से रिटायर नहीं हुआ और मैं संसद से पहली बार रिटायर नहीं हुआ हूं। जम्मू कश्मीर की स्थिति पर उन्होंने कहा– आज



कई बरसों बाद हम राज्य का हिस्सा नहीं हैं, हमारी पहचान खत्म हो गई है। राज्य का दर्जा वापस पाने के लिए हमारी संसद के अंदर और बाहर लड़ाई जारी रहेगी। जब तब यहां चुने हुए नुमाइंदे मंत्री और मुख्यमंत्री नहीं होंगे बेरोजगारी, सड़कों और स्कूलों की ये हालत जारी रहेगी। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि किसी प्रदेश को बांट कर दो केंद्र शासित प्रदेश बना दिए गए हों। उन्होंने कहा– जम्मू कश्मीर को बांट दिया गया है। हम इसकी लड़ाई लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम में पहुंचे राज बब्बर ने कहा– लोग हमें जी–२३ कहते हैं, लेकिन मैं इसे गांधी–२३ कहता हूं। इस देश के कानून और संविधान को महात्मा गांधी की विचारधारा, संकल्प और सोच के मुताबिक बनाया गया था। कांग्रेस इसे पूरी ताकत से आगे ले जाने के लिए तैयार है। जी–२३ चाहता है कि कांग्रेस मजबूत बने। कांग्रेस पार्टी से नाराज नेताओं की जम्मू में हुई सभा के तुरंत बाद कांग्रेस पार्टी ने अपने इन नेताओं को नसीहत दी। पार्टी के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कांग्रेस के कमजोर होने के इन नेताओं के बयान पर पलटवार किया। सिंघवी ने कहा कि बेहतर होता अगर ये नेता चार राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में पहुंच कर कांग्रेस की मदद करते। इन सभी जगह विधानसभा चुनाव होने हैं। सिंघवी ने शांति सम्मेलन में शामिल नेताओं पर कहा– वे सभी पार्टी के सम्मानित नेता है। हम उनकी इज्जत करते हैं। इससे पहले कपिल सिब्बल ने अपने भाषण में कहा था गुलाम नबी आजाद की योग्यता का कांग्रेस इस्तेमाल नहीं कर रही है। इसका हवाला देते हुए सिंघवी ने कहा– एक नेता ने यूज्ड शब्द का इस्तेमाल किया। जिन्होंने यह कहा, वे कांग्रेस की परंपरा नहीं जानते। जिनके लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया गया, वे सात बार कांग्रेस से सांसद रहे है। सोनिया जी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया। इंदिरा जी ने कैबिनेट में जगह दी। सिंघवी ने कहा कि गुलाम नबी आजाद कांग्रेस के महासचिव रहे और देश भर के २० राज्यों के प्रभारी रहे।

# बांके बिहारी में मत्था टेक प्रियंका किसान आंदोलन को देंगी धार

मथुरा। उत्तर प्रदेश की कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा इन दिनों बेहद धार्मिक रूप में नजर आ रही हैं। पहले सहारनपुर में मां शाकुंभी के दर्शन फिर संगम में डुबकी लगाने के बाद अब आज (मंगलवार) वह मथुरा के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पूजा–पाठ करेंगी। इसके बाद वह पालीखेड़ा में किसान पंचायत को संबोधित करने के बाद मंदिर में देहरी पूजन करेंगी। धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से वह अपनी पार्टी मजबूत करने में लगी हैं। किसान आंदोलन को और धार दे रही हैं। महापंचायत को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों की टीम पहले ही मथुरा में आ चुकी है। कई बड़े नेता कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव के साथ भी आएंगे। कांग्रेसी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी के वृंदावन जाने, ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन करने, साधु–संतों का आशीर्वाद, यमुना पूजन कर कुंभ स्नान सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का समय अचानक बदल गया है। किसान महापंचायत की भीड़ कहीं वृंदावन की तरफ न जाए, इसके लिए कांग्रेस महासचिव पहले पालीखेड़ा की किसान महापंचायत के बाद वृंदावन पहुंचेंगी। राष्ट्रीय सचिव रोहित चौधरी ने बताया कि प्रियंका गांधी किसान महापंचायत के बाद वृंदावन जाएंगी। माना जा रहा है कि वृंदावन भ्रमण के दौरान प्रियंका गांधी यमुना में स्नान कर संतों से मुलाकात करेंगी। नए कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे किसान आंदोलन को कांग्रेस समर्थन कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी मंगलवार को मथुरा के पालीखेड़ा मैदान में किसान महापंचायत को संबोधित करेंगी।

# मोदी , सीतारमण ने येदियुरप्पा को जन्मदिन की दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के जन्मदिन



पर उन्हें बधाई दी। मोदी ने ट्वीट कर कहा, येदियुरप्पा जी हमारे सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं , जिन्होंने किसानों के कल्याण और गरीबों को सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना। सीतारमण ने येदियुरप्पा को दिये अपने बधाई संदेश में कहा, "आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरी प्रार्थना है कि जनता की सेवा के लिए आप स्वस्थ और दीर्घायु रहें। येदियुरप्पा आज ७८ वर्ष के हो गये।

# अद्भुत नदी: जो उल्टी दिशा में बहती हैं

अमरेन्द्र सहाय अमर कहते हैं कि भारत की अधिकतर नदियां पश्चिम से पूर्व की दिशा में बहती हैं. लेकिन हमारे देश में एक नदी ऐसी भी है, जो पश्चिम से पूर्व न बह कर, पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर बहती है. विपरीत दिशा में बहने वाली इस नदी का नाम है नर्मदा. नर्मदा नदी का एक अन्य नाम रेवा भी है. गंगा सहित जहाँ तमाम नदियां पश्चिम से पूर्व की ओर बहते हुए बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं, वहीं नर्मदा नदी बंगाल की खाड़ी की बजाय अरब सागर में जाकर मिलती है. नर्मदा नदी भारत के मध्य भाग में पूर्व से पश्चिम की ओर बहने वाली मध्य प्रदेश और गुजरात की एक प्रमुख नदी है, जो मैखल पर्वत के अमरकंटक शिखर से निकलती है. इस नदी के उल्टा बहने का भौगोलिक कारण इसका रिफ्ट वैली में होना है, जिसकी ढाल विपरीत दिशा में होती है. इसलिए इस नदी का बहाव पूर्व से पश्चिम की ओर है. सारी नदियों के विपरीत नर्मदा नदी के उल्टा बहने के पीछे पुराणों में कई कहानियां भी बताई गई हैं..कहा जाता है कि राजकुमारी नर्मदा को प्यार में धोखा मिलने के कारण ही उल्टे दिशा में चलना प्रारंभ कर दिया. राजकुमारी नर्मदा राजा मेखल की पुत्री थी. राजा मेखल ने अपनी लड़की नर्मदा की शादी के लिए एक शर्त रखी कि जो भी व्यक्ति 'गुलबकावली' के फूल ले कर आएगा, उससे ही वह अपनी लड़की नर्मदा का विवाह करेंगे. इस शर्त को राजकुमार सोनभद्र ने पूरा कर दिया, जिसके नर्मदा का विवाह उनसे तय हो गया, लेकिन राजकुमारी नर्मदा ने राजकुमार सोनभद्र को देखा नही था. लेकिन उनकी वीरता और सौन्दर्य के कई किस्से राजकुमारी नर्मदा ने सुन रखे थे. इसी वजह से राजकुमारी नर्मदा को सोनभद्र से दिल ही दिल में प्यार हो गया. एक दिन नर्मदा ने अपनी दासी जुहिला के हाथ राजकुमार सोनभद्र को प्रेमपत्र भिजवाया. दासी जुहिला ने इस कार्य को करने के बदले राजकुमारी के कपड़े मांगे. और राजकुमारी के कपड़े पहन कर जुहिला राजकुमार सोनभद्र के पास चली गई. जुहिला के मन में राजकुमार को देख कर खोट आ गई और जिसके कारण उसने अपने असली स्वरुप के बारे में राजकुमार को नहीं बताया. सोनभद्र ने धोखे में जुहिला को ही राजकुमारी मान लिया. जब काफी समय बीतने के बाद भी जुहिला नहीं आई तो राजकुमारी नर्मदा से रहा नहीं गया वह स्वयं राजकुमार सोनभद्र के राज्य में चली गई. वहां जब राजकुमारी नर्मदा ने अपनी दासी जुहिला तथा सोनभद्र को साथ में देखा तो वह बहुत क्रोधित हो गई और कभी वापस न आने के लिए पलट गई. जब सोनभद्र को वास्तविकता का पता चला तो वे पछताते रहे परन्तु नर्मदा कभी पलटकर वापस नहीं आई. पवित्र नदियों में सम्मिलित नर्मदा नदी को गंगा की तुलना में कहीं अधिक पवित्र माना जाता है. कहा जाता है कि गंगा भी खुद को पवित्र करने के लिए नर्मदा की शरण में आती हैं. मत्स्यपुराण के अनुसार कनखल क्षेत्र में गंगा पवित्र है और कुरुक्षेत्र में सरस्वती. यमुना का जल एक सप्ताह में, सरस्वती का जल तीन दिन में, गंगा जल उसी दिन और नर्मदा का जल उसी क्षण पवित्र कर देता है. वर्तमान काल में नर्मदा की भौगोलिक स्थिति भी आप देख सकते हैं. वह हमेशा उल्टी ही बहती मिलेगी, गंगा सहित अन्य नदियां जहां बंगाल सागर में गिरती है वहीं नर्मदा बंगाल की खाड़ी का रास्ता छोड़ कर विपरीत दिशा ‘अरब सागर’ से जाकर विलीन होती हैं.।






## पालिकाध्यक्ष ने खीरीबाग प्रतीक्षा स्थल को किया अवाम को समर्पित , लगभग 3.66 लाख रुपये की लागत से निर्मित खीरीबाग प्रतीक्षा स्थल सौन्दर्यीकरण कार्य का हुआ लोकार्पण,

**मो० अरशद**

मऊनाथ भंजन। नगर पालिका क्षेत्र स्थित मुहल्ला खीरीबाग में लगभग ३.६६ लाख रुपये की लागत से निर्मित हुए खीरीबाग प्रतीक्षा स्थल सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्रा, अवर अभियंता निर्माण सी०पी० दूबे, क्षेत्रीय सभासद जावेद अहमद यार्न व सभासदगण अजहर कमाल फैजी, सरवर जहीर ओसवाल की उपस्थिति में पालिकाध्यक्ष मुहम्मद तय्यब पालकी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने पालिकाध्यक्ष का ढोल–बाजे व फूल–मालाओं से भव्य स्वागत किया। क्षेत्रीय सभासद जावेद यार्न ने कहा कि पालिकाध्यक्ष मुहम्मद तय्यब पालकी द्वारा कराये जा रहे कार्यों से पूरे नगर के साथ ही हमारे वार्ड की भी सूरत तेजी बदल रही है। श्री यार्न ने कहा कि पालिकाध्यक्ष ने हमारे क्षेत्र में विकास एवं निर्माण के कई कार्य जैसे खीरीबाग सहन में इण्टरलाकिंग व सान्दर्यीकरण एवं हाई मास्ट लाईट अधिष्ठापन कराने के साथ ही रास्ता निर्माण कार्य कराकर हमें अनेक विद्यमान समस्याओं से मुक्ति दिलाई है। पालिकाध्यक्ष द्वारा आज प्रतीक्षा स्थल सौन्दर्यीकरण के कार्य का लोकार्पण कर अवाम को समर्पित किया गया है। पालिकाध्यक्ष ने हमारे क्षेत्र को सुन्दरींत कराकर हमें बुनियादी सहूलत उपलब्ध करायी है जिससे क्षेत्रवासी काफी प्रसन्न है तथा हम उक्त कार्य को कराने के प्रति पालिकाध्यक्ष के अत्यन्त आभारी है। लोकार्पण के इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मु० तय्यब पालकी ने कहा कि पालिका द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों से नगर की तसवीर बदल रही है। हम शहरवासियों को अधिक से अधिक नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये जनकल्याणकारी योजनाओं पर लगातार काम कर रहे हैं। नगर का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां पर विकास कार्य न कराये जा रहे हों। उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर नगर का सुन्दरीकरण किया जा रहा है। आज का यह लोकार्पण भी नगर के सुन्दरीकरण की कड़ी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अवाम को आश्वस्त करते हुये कहा कि नगर का पूर्ण रूप से सुन्दरीकरण हमारी प्राथमिकता है। हम इसे क्रिया रूप देने के लिये प्रत्येक सम्भावित विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। श्री पालकी ने विकास एवं सफाई के प्रति आम लोगों को जागरूक करते हुये कहा कि शहर हमारा है और हम सब मिलकर मऊ नगर की उन्नति एवं समृद्धि के लिये कार्य करेंगे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने जनता को राहत पहुँचाने वाली नागरिक सुविधाओं की उपलब्धि को बेहतर बनाने हेतु आश्वस्त किया और कहा कि नगर की उन्नति एवं विकास के लिये सभी आवश्यक कार्य कराये जायेंगे। उन्होने कहा कि जनता की मांग को ष्टिगत रखते हुए खीरीबाग में जर्जर रोड के निर्माण कार्य की भी योजना तैयार कर ली गयी है, जल्द ही उक्त रास्ते को निर्मित करा दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्रा, जे०ई० निर्माण सी०पी० दूबे, सभासदगण जावेद अहमद यार्न, अजहर कमाल फैजी, सरवर जहीर ओसवाल, मुनौवर नेता, कलाम सौदागर, मंजर कमाल, इम्तेयाज तरफदार, अबुबकर सौदागर, एखलाक प्रतिनिधि, अबरार अहमद, अनजर कमाल, आरिफ कमाल, अब्दुल अव्वल, हारुन , मुनौवर कोठा, सेराज अहमद, कैश सौदागर, एजाज अहमद, मास्टर तैयब आदि के इलावा हजारो की संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु चयनित किए गए ५० विद्यालय, सम्मानित किए गए विद्यालय के शिक्षक

लखनऊ। विकासखंड सरोजनी नगर मिशन प्रेरणा की समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला खंड शिक्षा अधिकारी सरोजनी नगर के मार्गदर्शन एवं डाइट प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक डॉ पवन सचान की अध्यक्षता में सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मंडलीय शिक्षा अधिकारी पीएन सिंह तथा जिला समन्वयक प्रशिक्षण विकासखंड के सभी एसआरजी ए आर पी संकुल शिक्षक व प्रधान अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा स्वागत गीत के साथ मिशन प्रेरणा पर विस्तृत चर्चा व ब्लॉक पीपीटी प्रस्तुतीकरण से किया गया यूपीएस स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत का आयोजन किया गया तो वही यूपीएस बरौना के बच्चों द्वारा संचारी रोग जागरूकता पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। 'खंड शिक्षा अधिकारी सरोजनी नगर शिवनंदन सिंह ने शिक्षको को उत्ेष्ट कार्य के लिए बैच पहनाकर सम्मानित किया वही लगभग ४० अन्य शिक्षकों को प्रेरणा लक्ष्य प्राप्ति हेतु उत्कृष्ट शिक्षक का प्रमाण पत्रवा बैच देकर सम्मानित कियाऔर उन्हें आने वाले ३ महीनों में अपना विद्यालय प्रेरक विद्यालय बनाते हुए थर्ड पार्टी से ऑडिट करा कर ऐसे विद्यालय सभी के लिए प्रेरणा लक्ष्य को प्राप्त कर, आदर्श बने इस हेतु चिन्हित किया'। डाइट प्राचार्य ने लगभग ५० शिक्षकों को संकुल शिक्षक सहित ,जिन्हें खंड शिक्षा अधिकारी ने सूची बनाकर मापदंडों के साथ चयनित किया था , बैच व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किए गए। डाइट प्राचार्य महोदय ने उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिया शपथ दिलाई और अपने निर्देशों में शिक्षकों को प्रेरक ६ ऊर्जा तथा मिशन प्रेरणा की



व्यवहारिकता को अपने विद्यालय में लागू कर जनपद और प्रदेश के लिए प्रेरक बनने का आश्वासन दिया और कहा कि आने वाले ३ महीनों में आप सरोजनी नगर के चयानितअपने विद्यालय को मिशन प्रेरणा के उद्देश्यों को प्राप्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर प्रेरक विद्यालय बनाएंगे जिससे अन्य सभी शिक्षक इन्हें देखकर प्रेरणा ले सकें। उत्तर प्रदेश को प्रेरक प्रदेश बनाया जा सके इस हेतु दिलाई गई इन ५० विद्यालयों को शपथ वाकई शिक्षा और शिक्षार्थी के उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी इसी आशा के साथ सभी शिक्षकों ने आशाभरी उम्मीद के साथ शपथ में उनका साथ दिया। इसी वर्ष रिटायर हो रहे सरोजनी नगर के खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है उन्होंने अपने खास शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपी है जिन की सूची डाइट प्राचार्य को दे दी गई है जो आने वाले ३ महीनों में अपने विद्यालयों अपने बच्चों पर प्रेरणा लक्ष्य के अनुरूप काम करेंगे। लखनऊ के सभी ब्लॉकों में सरोजनी नगर ब्लॉक को अव्वल बनाया जा सके इसके लिए इस तरह का प्रयास सराहनीय है।यह बात अलग है कि चयनित किए गए। मिशन प्रेरणा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिएखण्ड शिक्षा आधिकारी शिवनंदन सिंह द्वारा चयनित किए गए यह ५० शिक्षक वाकई दूसरो नजीर बनेंगे।अपने विद्यालयों में निर्धारित मानकों से कैसे पढ़ाया जाए तथा कैसे कायाकल्प के अंतर्गत काम कराया जाए यह सब इन चयनित शिक्षकों पहले अपने विद्यालय में करके फिर अन्य सभी शिक्षकों को सिखाना होगा। डायट प्राचार्य डॉ पवन सचान ने जो शिक्षक ऑफिसों में या खंड शिक्षा अधिकारी के कार्य से लगे रहते हैं उन्हें भी अपने विद्यालय में रहकर शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने का संकल्प दिलाया और इन चयनित किए गए ५० शिक्षकों को आने वाले ३ महीने में फॉलो करने को कहा। डाइट प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रेरणा लक्ष्य कठिन है पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए मानक विद्यालयों और शिक्षकों के साथ पूर्ण करने की आशा के साथ अवश्य प्राप्त होंगे। मंडलीय शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में रीना त्रिपाठी ने सरोजनी नगर ब्लॉक के शिक्षक पूरी तन्मयता से मिशन प्रेरणा के लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करेंगे ऐसा आश्वासन दिया।

# कारोबारियों ने किया भारत बंद

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के साथ साथ जीएसटी की दरों और ई—वे बिल के विरोध में देश भर के कारोबारी संगठनों ने शुक्रवार को भारत बंद किया। कन्फेडरेशन अफ अल इंडिया ट्रेडर्स यानी कैट ने शुक्रवार को भारत बंद बुलाया था। सड़क परिवहन क्षेत्र की सर्वोच्च संस्था अल इंडिया ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन और अन्य संगठनों ने भी बंद का समर्थन दिया। कारोबारियों ने शुक्रवार को अपनी दुकानें बंद रखीं और देश में एक हजार से ज्यादा जगहों पर ६ रना—प्रदर्शन किया। कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा— शुक्रवार को देश भर में डेढ़ हजार जगहों पर धरना दिया जा रहा है। ४० हजार से ज्यादा व्यापारिक संगठनों से जुड़े करीब आठ करोड़ कारोबारी बंद को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा— पिछले साल २२ दिसंबर और उसके बाद जीएसटी नियमों में कई बदलाव किए गए। इसमें अधि ाकारियों को बहुत ज्यादा अधिकार दिए गए। अब कोई भी अधिकारी कोई भी कारण लेकर किसी भी व्यापारी का जीएसटी रजिस्ट्रेशन नंबर निलंबित या रद्द कर सकता



है। बैंक अकाउंट और संपत्ति भी जब्त कर सकता है। उन्होंने कहा— खास बात यह है कि ऐसा करने से पहले कारोबारी को कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। यह कारोबारियों के मौलिक अधिकारों का हनन है। कैट की ओर से कहा गया कि एक जनवरी से प्रभावी होने वाले नए ई—वे बिल नियम से परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोग और अन्य कारोबारी फिक्रमंद हैं, क्योंकि ई—वे बिल की सीमा एक सौ किलोमीटर से बढ़ा कर दो सौ किलोमीटर कर दी गई है। गौरतलब है कि २०२१—२२ के बजट में ई—वे बिल की धारा १२६ में बदलाव किया गया। इसके मुताबिक यदि बिल में कोई गलती होती है, तो कर और जुर्माना दोनों लगेगा। साथ ही जो टैक्स पहले वापस हो जाता था, वह अब नहीं होगा। यानी अनजाने में अगर छोटी गलती हो जाए तो कर और जुर्माना दो गुना वसूला जाएगा। कानूनों में इन बदलावों के विरोध में ज्यादातर स्टेट ट्रांसपोर्ट यूनियंस ने भी नए ई—वे बिल कानून के विरोध में कैट का समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने ट्रांसपोर्ट अफिस बंद रखे। माल की बुकिंग, डिलीवरी, लोडिंग और अनलोडिंग बंद कर दी गई। सभी ट्रांसपोर्ट कंपनियों को सुबह छह से रात आठ बजे के बीच गाड़ियां खड़ी रखने को कहा गया है।

# यूपी में पेट्रोल—डीजल की बढ़ती कीमतों से नहीं मिलेगी राहत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेट्रोल और डीजल पर लागू राज्य कर में कटौती का कोई प्रस्ताव नहीं है। विधानसभा में समाजवादी पार्टी सदस्य नरेंद्र वर्मा द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री सतीश महाना ने कहा कि कोविड—१९ महामारी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य विकासात्मक कार्यो के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता के मद्देनजर पेट्रोल और डीजल पर लागू राज्य कर में कटौती करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस वक्त उत्तर प्रदेश के लोगों को आंध्र प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, तमिलनाडु, झारखंड, पश्चिम बंगाल, पंजाब और उत्तराखंड राज्यों के मुकाबले कम कीमत पर डीजल मिल रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि इसी तरह उत्तर प्रदेश के लोगों को मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पंजाब, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुकाबले कम कीमत पर पेट्रोल भी उपलब्ध है। रसोई गैस के दामों में कटौती के बारे में महाना ने कहा कि चूंकि इस पर एक जुलाई २०१७ से जीएसटी लागू हो गया है, इस वजह से राज्य सरकार के पास जीएसटी में कटौती करने का कोई अधिकार नहीं रह गया है। मंत्री के इस जवाब से असंतुष्ट होकर सपा तथा कांग्रेस के सदस्यों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन किया।



# सीतारमण ने जी20 सेंट्रल बैंक गवर्नर्स बैठक में भाग लिया


नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण परिवर्तनकारी और न्यायसंगत रिकवरी के लिए नीतिगत कार्रवाइयों पर चर्चा करने के लिए इतालवी प्रेसीडेंसी के तहत पहले जी२० वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) की बैठक में वर्चुअली शामिल हुईं। एजेंडा में अन्य मुद्दों में वैश्विक आर्थिक ष्टिकोण, वित्तीय क्षेत्र के मुद्दे, वित्तीय समावेशन और स्थायी वित्त शामिल थे। सीतारमण ने कोविड महामारी को लेकर भारत की नीति के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि भारत की घरेलू नीतियां मोटे तौर पर नागरिकों को समर्थन देने, क्रेडिट गारंटी, प्रत्यक्ष हस्तांतरण, खाद्य गारंटी, आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज और संरचनात्मक सुधार में तेजी लाने जैसे उपायों पर आधारित हैं।



उन्होंने भारत के टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में भी बताया, जो दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी टीकाकरण अभियान है। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत ने कई देशों को वैक्सीन सहायता प्रदान की है। इस बैठक के दौरान जी२० के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों ने वैश्विक विकास और वित्तीय स्थिरता पर जलवायु परिवर्तन के निहितार्थ पर भी चर्चा की। जलवायु जोखिम और पर्यावरण कराधान पर व्यवस्थित नीतिगत संवाद करने के प्रेसीडेंसी के प्रस्ताव पर सीतारमण ने सुझाव दिया कि ये बातचीत पेरिस समझौते के दायरे में रहनी चाहिए और आम लेकिन विभेदित जिम्मेदारी, संबंधित क्षमता और प्रतिबद्धताओं की स्वैच्छिक प्रेंति के सिद्धांतों पर आधारित होनी चाहिए।

# वार्ड संसाधन केन्द्र हजरतगंज में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ले रही क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण

लखनऊ। वार्ड संसाधन केन्द्र हजरतगंज नगर क्षेत्र जोन एक में बुधवार से आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्री प्रायमरी कक्षाओं के गुणवत्तापूर्ण ई.सी.सी.ई संचालन हेतु



आंगनबाड़ी कार्यताओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ले रही क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण । कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व महानिदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं के द्वारा द्विप प्रज्वलित कर की गई.. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत वार्ड संसाधन केन्द्र की सहायक लेखाकार रूबल मिश्रा, डीएलएड प्रशिक्षु प्रिया सिंह नें स्वागत गीत से किया। उसके उपरांत खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश सिंह माला पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया..। उसके उपरांत आंगनबाड़ी कार्यताओं की सुपरवाईजर अर्चना सोनकर व पूनम राय नें मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छा समर्पित कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित पूर्व महानिदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं नें कहा बच्चों के विकास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है इन्होंने पल्सपोलियो से लेकर सरकार की विभिन्न योजनाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गौरतलब हो कि इसमें प्री प्राइमरी पाठशाला के बाबत इन लोगों को जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश सिंह ने कहा कि पोषण व स्वास्थ्य के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्री प्राइमरी पाठशाला के जरिए बच्चों को शिक्षित भी करना होगा। बच्चों को प्राइमरी स्कूल में आने के पूर्व सभी तरह की जानकारियां देनी होंगी। बाल विकास के साथ–साथ प्राइमरी पाठशाला के शिक्षक की भांति बच्चों को शिक्षित कर उच्च कक्षाओं में भेजने का कार्य जिम्मेदारी के साथ करना होगा। चार दिवसीय प्रशिक्षण में सभी प्रतिदिन प्रशिक्षण लें। इस अवसर पर प्रशिक्षण में अभिषेक कुमार बाजपेई, लिपिक अनिल कुमार, वरिष्ठ लिपिक दिनेश कुमार, सहायक अध्यापक प्रेमवती नगर अखिलेश कुमार शर्मा, कुवरचंद, अशोक कुमार, त्रिभुवन सिंह, इन्दु प्रकाश, एंव इंचार्ज सहायक अध्यापक बेसिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।

# कैबिनेट एंव कानून मंत्री नें किया एन एस मेड फार्मा का उद्घाटन

**राकेश पाण्डेय 'निश्छल'**

लखनऊ। कैबिनेट एंव कानून मंत्री बृजेश पाठक द्वारा न्यू हैदराबाद स्थित एन एस मेड फार्मा का उद्घाटन किया। ये



फर्म वरिष्ठ पत्रकार नीरज शुक्ला द्वारा शुरू की गई है। फर्म का शुभारंभ फीता काट कर कैबिनेट एंव कानून मंत्री नें किया। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि किसी भी धंधा या व्यवसाय में ग्राहकों के प्रति ईमानदारी जरूरी है। ग्राहकों की संतुष्टि ही व्यवसाय का आधार है। एन एस मेड फार्मा के निदेशक नीरज शुक्ला ने कहा कि वे इस बात का ध्यान रखेंगे कि ग्राहकों को पूरी तरह से संतुष्ट किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कानून मंत्री बृजेश पाठक, के साथ एन एस मेड फार्मा के निदेशक नीरज शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार अजीज सिद्दीकी,वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाण्डेय, अब्दुल वहीद, मोहम्मद इकबाल एंव परिवारिक सदस्यों सहित मित्रगंण आदि उपस्थित रहे।

# एसोसिएशन ऑफ स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स ऑफ इंडिया के सत्यदेव श्रीवास्तव पुनः

## जिलाध्यक्ष व मनोज दीक्षित महामन्त्री

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। गत २१फरवरी रविवार को एसोसिएशन अफ स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स ऑफ इंडिया की एक आवश्यक बैठक शहर के मोहल्ला संकटा देवी में पत्रकार मनोज दीक्षित के आवास पर आयोजित की गई जिसमें वर्ष २०२१के लिए कार्य समिति का गठन किया गया। एसोसिएशन के संरक्षक व चुनाव अधिकारी पत्रकार रमेश चंद्र मिश्रा की देखरेख व सलाह के अनुसार पुरानी कार्यसमिति को ही नई कार्यसमिति के रूप में सर्व सम्मति से मान्यता दी गयी। कार्यकारिणी में जिले के मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार सत्यदेव श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष तथा मनोज दीक्षित को पुनः महामंत्री बनाया गया अन्य पदाधिकारियों में राघवेंद्र सिंह व विपिन बाजपेई उपाध्यक्ष शबाब खां कोषाध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा प्रेम प्रकाश दीक्षित मंत्री सुरेश चंद्र शुक्ला पुजारी संयुक्त मंत्री अंबरीश शरण गुप्ता संगठन मंत्री चुने गए। रमेश चंद्र मिश्रा व संजय गुप्ता संरक्षक तथा प्रदेश प्रतिनिधित्व डॉ० राकेश शर्मा प्रस्तावित किए गए।

# पालिकाध्यक्ष ने खीरीबाग प्रतीक्षा स्थल को किया अवाम को समर्पित

**मो० अरशद**

मऊनाथ भंजन। नगर पालिका क्षेत्र स्थित मुहल्ला खीरीबाग में लगभग ३.६६ लाख रुपये की लागत से निर्मित हुए खीरीबाग प्रतीक्षा स्थल सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्रा, अवर अभियंता निर्माण सी०पी० दूबे, क्षेत्रीय सभासद जावेद अहमद यार्न व सभासदगण अजहर कमाल फैजी, सरवर जहीर ओसवाल की उपस्थिति में पालिकाध्यक्ष मुहम्मद तय्यब पालकी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने पालिकाध्यक्ष का ढोल–बाजे व फूल–मालाओं से भव्य स्वागत किया। क्षेत्रीय सभासद जावेद यार्न ने कहा कि पालिकाध्यक्ष मुहम्मद तय्यब पालकी द्वारा कराये जा रहे कार्यो से पूरे नगर के साथ ही हमारे वार्ड की भी सूरत तेजी बदल रही है। श्री यार्न ने कहा कि पालिकाध्यक्ष ने हमारे क्षेत्र में विकास एवं निर्माण के कई कार्य जैसे खीरीबाग सहन में इण्टरलाकिंग व सान्दर्यीकरण एवं हाई मास्ट लाईट अधिष्ठापन कराने के साथ ही रास्ता निर्माण कार्य कराकर हमें अनेक विद्यमान समस्याओं से मुक्ति दिलाई है। पालिकाध्यक्ष द्वारा आज प्रतीक्षा स्थल सौन्दर्यीकरण के कार्य का लोकार्पण कर अवाम को समर्पित किया गया है। पालिकाध्यक्ष ने हमारे क्षेत्र को सुन्दरींत कराकर हमें बुनियादी सहूलत उपलब्ध करायी है जिससे क्षेत्रवासी काफी प्रसन्न है तथा हम उक्त कार्य को कराने के प्रति पालिकाध्यक्ष के अत्यन्त आभारी है। लोकार्पण के इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मु० तय्यब पालकी ने कहा कि पालिका द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों से नगर की तसवीर बदल रही है। हम शहरवासियों को अधिक से अधिक नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने



के लिये जनकल्याणकारी योजनाओं पर लगातार काम कर रहे हैं। नगर का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां पर विकास कार्य न कराये जा रहे हों। उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर नगर का सुन्दरीकरण किया जा रहा है। आज का यह लोकार्पण भी नगर के सुन्दरीकरण की कड़ी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अवाम को आश्वस्त करते हुये कहा कि नगर का पूर्ण रूप से सुन्दरीकरण हमारी प्राथमिकता है। हम इसे क्रिया रूप देने के लिये प्रत्येक सम्भावित विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। श्री पालकी ने विकास एवं सफाई के प्रति आम लोगों को जागरूक करते हुये कहा कि शहर हमारा है और हम सब मिलकर मऊ नगर की उन्नति एवं समृद्धि के लिये कार्य करेंगे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने जनता को राहत पहुँचाने वाली नागरिक सुविधाओं की उपलब्धि को बेहतर बनाने हेतु आश्वस्त किया और कहा कि नगर की उन्नति एवं विकास के लिये सभी आवश्यक कार्य कराये जायेंगे। उन्होने कहा कि जनता की मांग को ष्टिगत रखते हुए खीरीबाग में जर्जर रोड के निर्माण कार्य की भी योजना तैयार कर ली गयी है, जल्द ही उक्त रास्ते को निर्मित करा दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्रा, जे०ई० निर्माण सी०पी० दूबे, सभासदगण जावेद अहमद यार्न, अजहर कमाल फैजी, सरवर जहीर ओसवाल, मुनौवर नेता, कलाम सौदागर, मंजर कमाल, इम्तेयाज तरफदार, अबुबकर सौदागर, एखलाक प्रतिनिधि, अबरार अहमद, अनजर कमाल, आरिफ कमाल, अब्दुल अव्वल, हारुन , मुनौवर कोठा, सेराज अहमद, कैश सौदागर, एजाज अहमद, मास्टर तैयब आदि के इलावा हजारो की संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# तालाबों, झीलों व आद्र भूमियों के पुनर्जीवन पर हुई चर्चा, बनी रणनीति

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को जिले के तालाबों, झीलों व आद्र भूमियों के पुनर्जीवन की कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। बैठक के आरंभ में क्षेत्रीय अधिकारी, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ डॉ रामकरन ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने वेटलैंड्स के संरक्षण संवर्धन हेतु कार्य योजना, वर्षा जल संचयन, जल संचयन क्षमता वृद्धि, जल ग्रहण क्षेत्र का विकास, समुदाय व ग्राम पंचायतों की भागीदारी, प्रदूषित जल का वैकल्पिक जैविक उपचार प्रक्रिया द्वारा शुद्धिकृत किए जाने से लाभ पर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अरविंद सिंह, डीएफओ अनिल पटेल, समीर कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम आरबी श्रीवास्तव, डीएसटीओ राजेश कुमार सिंह, ईओ नगर पालिका आरआर अंबेश सहित सहायक वैज्ञानिक क्षितिश पटेल मौजूद रहे।

# लखनऊ में घूमने निकली मां–बेटी पड़ी मुसीबत में

लखनऊ। गोमती नगर के विभूति खंड स्थित समिट बिल्डिंग के पास एक बार फिर हंगामा हुआ। इस बार यहां से निकल रहे संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) क्राइम नवीन अरोरा ने गाड़ी से उतरकर हंगामा शांत कराया। युवती सोनिया बत्रा और मंजू बत्रा ने आरोप लगाया कि युवक आदित्य साहू उनकी कार लेकर भाग रहा था, जिसे वह जानती भी नहीं। इस दौरान सोनिया को लड़ता देख पब्लिक भी युवक को ड्राइविंग सीट से उतरने का प्रयास करने लगी और दूसरी ओर से मंजू बत्रा गाड़ी में बैठ गई। इससे युवक भाग नहीं सका। युवक के पास से दूसरी चाभी भी मिली है। बीच सड़क में हंगामा व भीड़ देख जेसीपी ने रुककर गाड़ी के कागजात देखे, जो मंजू के नाम थे। वहीं गाड़ी लेकर भाग रहा युवक आदित्य ने कोई ठोस जवाब नहीं दे सका। मंजू ने बताया कि वह अपनी बेटी सोनिया के साथ विभूति खंड किसी काम से आई थी। वह युवक को नहीं जानती। युवक जबरन कार अपनी बता रहा था। वाहन संख्या यूपी ३२ जेए ८१११ की ड्राइवर सीट पर बैठा उतरने को तैयार नहीं था। उधर हंगामा के चलते जाम लग गया।



मौके पर पहुंची विभूति खंड चौकी इंचार्ज ने युवक को अपने साथ लेकर चली गई। उधर जेसीपी ने महिलाओं को विश्वास दिलाया कि अगर युवक चोर है या अन्य किसी कारण से कार लेकर भाग रहा था, उसकी पुलिस जांच करेगी। वहीं आदित्य ने बताया कि उसके मालिक संजय त्रिपाठी की गाड़ी इसी तरह है। उसके धोखे में बैठ गया था, लेकिन जेसीपी के कहने पर वह अपने मालिक से बता नहीं करा सका। उधर विभूती खंड के इंस्पेक्टर चंद्रशेखर ने बताया कि युवक थाने में है, जिस व्यक्ति का नाम बताया है, वह सुबह थाने आने की बात बोले हैं। उसके बाद ही सही मामला पता हो सकेगा।

# महिला नें जेठ पर यौन शोषण का दर्ज कराया मुकदमा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि दूसरा बच्चा न होने पर पति ने अपने दो बड़े भाईयों से यौन शोषण कराया और विरोध करने पर पति ने महिला को शनिवार की रात मारा–पीटा व तीन तलाक बोलकर घर से बाहर निकाल दिया महिला ने इसकी



शिकायत १०६० पर करने के साथ ही मोहनलालगंज पुलिस को तहरीर दी रविवार को मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा और हड़कंप मच गया इसके बाद पूरे मामले को डीसीपी ने संज्ञान में लिया और मोहनलालगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार राजधानी लखनऊ के आलमबाग की रहने वाली महिला का विवाह मोहन लालगंज के एक गांव में करीब नौ वर्ष पहले हुआ था। विवाह के दो वर्ष बाद महिला को एक बेटा हुआ लेकिन इसके बाद महिला को कोई संतान नहीं हुई जिसके कारण पति–पत्नी में मन मुटाव रहने लगा महिला का आरोप है कि उसका पति अपने दो भाईयों से उसका शारीरिक शोषण कराता था और विरोध करने पर मारपीट करता था। शनिवार की रात महिला के साथ जबरदस्ती की गई और जब महिला ने विरोध किया तो उसके पति ने उसकी पिटाई कर एक साथ तीन तलाक बोलकर उसे घर से बाहर भगा दिया महिला ने इसकी शिकायत १०६० पर करने के साथ ही मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी रविवार को मामला दर्ज किया गया महिला किसी तरह भागकर अपनी बहन के यहां चली गई थी उसके बाद अपनी मां को इसकी सूचना दी १०६० पर सूचना देने पर पुलिस के डर से आरोपी घर से फरार हो गए पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली

विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।


# भ्रष्टाचार के कारण लग रहा योजनाओं को पलीता

लखीमपुर खीरी। घर घर बैठा रावण देखो इतने राम कहां से लाऊं विभागीय अधिकारियों की शह पर कब तक गरीब मजदूर और मजबूर लोगों से आवास और शौचालय का पैसा खाते रहेंगे ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव लखीमपुर खीरी रामराज्य प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सूबे को लेकर कुछ इस तरह परिकल्पना की जा रही है ऐसा ही नहीं सूबे के मुखिया द्वारा सिर्फ कथन में ही यह बात कही जा रही है बल्कि तमाम साहसिक निर्णय उसे उन्होंने इस बात का एहसास भी कराया की वह अपने कथन को लेकर बेहद गंभीर हैं घर घर बैठा रावण देखो इतने राम कहां से लाऊं हालांकि यू तो यह भक्ति गीत है परंतु वर्तमान परिस्थितियों में या विकासखंड नकहा के ग्राम पंचायत रवही ही मैं बिल्कुल सटीक बैठती है जिसमें शौचालय के नाम पर प्रधान व सचिव ने इतना गोलमाल किया है कि अधिकतर शौचालय में दरवाजा ही नहीं है जो है वह ग्रामीणों ने अपने पास से लगवाएं हैं सरकार द्वारा शौचालय के १२००० सीधे लाभार्थी के खाते में आते हैं परंतु सचिव और प्रधान ने सभी शौचालय ठेके पर बनवा कर खूब गोलमाल किया है अभी कुछ महीनों पूर्व ही शौचालय का निर्माण हुआ है और सभी जर्जर हो गए हैं और कभी भी गिर सकते हैं यदि कोई दुर्घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा यही नहीं सचिव साहब यही नहीं रुके गांव जाकर जब हमारी टीम ने जानकारी जुटाई तो पता चला आवास के नाम पर भी जमकर धांधली चल रही है कुछ ग्रामीणों ने बताया जो पहली किस्त में १५००० रु और दूसरी किस्त में २०००० देता है उसी का आवास आता है वरना जो पैसा देने से मना करता है उसको सचिव व प्रधान द्वारा अपात्र कर दिया जाता है इतना ही नहीं गांव की महिला रामदुलारी में बतलाया १ वर्ष पूर्व उसका आवास बना था जिसमें उसने ३५००० रु प्रधान को देने की बात स्वीकार की है गांव के ही अशरफ अली ने बताया कि उनके भाई बरकत अली का आवास की पहली किस्त में १०००० प्रधान जी ले चुके हैं आवास लाभार्थी अशरफ अली प्रधान व सचिव द्वारा आवास की दूसरी किस्त देने के नाम पर भी २५००० हजार रुपए लिए जाने हैं जिसमें साफ जाहिर होता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टलरेंस नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं देखना यह है कि शासन के जिम्मेदार अधिकारी क्या इस बात का संज्ञान लेंगे या फिर प्रधान व सचिव का बंदरबांट यूं ही चलता रहेगा देखे जाने वाली बात है।

# रोहित शेट्टी के साथ एक्शन सीन शूट कर खुश हैं रणवीर सिंह

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ एक्शन सीन शूट कर बेहद खुश हैं। रोहित और रणवीर सिंह ने



फिल्म 'सिंबा' में साथ काम किया था। इसके अलावा दोनों ने 'सूर्यवंशी' में भी साथ काम किया हैं रणवीर सिंह इन दिनों रोहित शेट्टी की फिल्म 'सर्कस' में काम कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों ने एक ऐड भी शूट किया है जिसे रोहित शेट्टी के अंदाज में शूट किया गया है। रणवीर सिंह ने बताया, 'रोहित सर और मैं एक दमदार एक्शन सीन की शूटिंग करके खुश है। रोहित सर ने मुझे मजाक में कहा था कि वह पिछले कुछ समय से एक दमदार एक्शन सीन शूट करना चाहते हैंस जिसमें गाड़ियां उड़ रही हो और बंदूकें चल रही होस मैं उनकी भावनाओं को समझ पाया हूं। पिछली बार हमने 'सूर्यवंशी' फिल्म का क्लाइमेक्स शूट किया था। इसके चलते इस बार शूटिंग करने में और भी ज्यादा मजा आया। रोहित शेट्टी पर भरोसा रखें, एक नूडल के कमर्शियल के लिए उन्होंने बहुत ही दमदार काम किया है।

# मोनिका डोगराः कई बार आइटम नंबर करने से मना किया

मुंबई। अभिनेत्री मोनिका डोगरा ने २०११ में बॉलीवुड डेब्यू फिल्म धोबी घाट से अपनी पहचान बनाई थी। फिल्म का निर्देशन किरण राव ने किया था। हालांकि, कुछ अन्य रिलीज के बावजूद, वह वास्तव में कभी भी उद्योग में पैर जमाने में कामयाब नहीं हो पाई। डेविड (२०१३) और तेरा सुरूर (२०१६) जैसी कुछ फिल्मों में नजर आने के बाद, मोनिका वेब श्रृंखला, द मैरिड वुमन में फिर से नजर आएंगी। मोनिका कहती हैं कि जिस तरह से महिलाओं को बलीवुड फिल्मों में ऑब्जेक्टिफाई किया गया है, उन्हें यह कभी पसंद



नहीं आया। उन्होंने विशेष रूप से डांस नंबर के बारे में कहा, आइटम गीत मेरे लिए नहीं है। मैंने कई बार कहा है। मैं व्यक्तिगत रूप से एक महिला को वस्तु के रूप में पेश किया जाना पसंद नहीं करती हूं। मुझे लगता है कि हम उससे बहुत अधिक हैं। उनकी आगामी श्रृंखला एक अर्बन रिलेशनशीप ड्रामा है, जिसमें समाज की ओर से महिला पर थोपी गई शर्तो के बारे में दर्शाया गया है। श्रृंखला का निर्देशन साहिर रजा ने किया है और इसे एल्ट बालाजी और जी५ पर प्रसारित किया जाएगा।


समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक